कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)

पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773

Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com

College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 24.06.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

डॉ. ऋतु दुबे का ऑल इंडिया टेबल टेनिस के लिये चयन हुआ

शासकीय डॉ वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग की क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे का चयन आल इंडिया सिविल सर्विसेज टेबल टेनिस खेल हेतु हुआ। यह प्रतियोगिता दिनांक 24 जून से 28 जून तक आगरा उत्तरप्रदेश के एकलव्य इंडोर स्टेडियम में आयोजित है।

ऋतु दुबे इस प्रतियोगिता में ओपन टीम में चयनित हुई है जबकि पिछली प्रतियोगिता में वेटरन ग्रुप में भाग लिया था।इस प्रतियोगिता के लिए चयन स्पर्धा दिनांक तेरह जून को रायपुर सप्रे हॉल में आयोजित की गई थी। ओपन में टीम इवेंट के साथ सिंगल्स में भी भाग लेंगी।डॉ दुबे गत चार वर्षों से लगातार भाग ले रही है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चंद्र तिवारी, महाविद्यालय क्रीड़ा समिति के संयोजक डॉ. के.एल. राठी, डॉ. सुचित्रा खोब्रागडे, डॉ. ऋचा ठाकुर एवम समस्त परिवार ने हर्ष व्यक्त किया और अपनी शुभकामनाएं दी।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)